हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 11 अगस्त 2025

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

06 भुजरिया पर दिखा भाईचारे का रंग



08 जिले में हर्षोल्लास से मनाया भुजरिया पर्व, लोकगीत ...



### नर्मदापुरम-इटारसी विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने विधानसभा सत्र में उठाया सवाल

# अब तो विधानसभा पहुंच गया है नर्मदापुरम विधानसभा में अवैध शराब बिक्री का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी/नर्मदापुरम

नर्मदापुरम एवं इटारसी में अवैध शराब कारोबार और उसकी होम डिलीवरी कल्चर इस कदर बढ़ गया है कि अब ये मुद्दा विधानसभा में भी गूंज रहा है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने मामले की गंभीरता ओर स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बेधड़क हो रही अवैध शराब बिक्री एवं होम डिलीवरी की बात सदन के समक्ष रखी। बुधवार को विधान सभा के शून्यकाल में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि नर्मदापुरम, इटारसी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में खुले स्थानों पर बड़े पैमाने पर अवैध शराब बेची जा रही है। यहां तक कि इसे घर-घर पहुंचाया जा रहा है। सामाजिक संगठनों और नागरिकों की लगातार शिकायतों के बावजूद इस गोरखधंधे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

पूर्व में अवैध शराब बिक्री को लेकर होशंगाबाद के विधायक ने आवाज उठाई थी साथ ही राज्य सभा सांसद माया नारोलिया ने भी शासन को पत्र लिखकर अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की थी। कुछ दिन असर दिखा पर पुनः शहर में जगह-जगह शराब बिक रही है। जिसमें सब्जी मंडी, देवामाई समाधि के पास, दशहरा मैदान के पास, हरियाली चौक, मालखेड़ी पेट्रोल पंप, कुलामड़ी रोड, न्यास कालोनी के पास, एसपीएम गेट नं. 4, पंखी तिराहा हरदा रोड सहित अन्य स्थान है। जबकि नर्मदा नदी से 5 किमी के दायरे में शराब बिक्री पर 2017 से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की घोषणा के बाद से शराब बिक्री पर प्रतिबंध है। विधायक के इस कदम को आम जनता एवं प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा सराहा जा रहा है।

विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने विस में शराब की होम डिलीवरी की बात सदन के समक्ष रखी। इस दौरान उन्होंने सदन को शराब से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और शराब माफियाओं पर कार्रवाई की मांग की।

## अवैध व्यापार युवाओं के लिए बन रहा बर्बादी

डॉ शर्मा ने कहा कि अवैध शराब का यह कारोबार न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहा है, बल्कि युवाओं को बर्बादी की ओर धकेल रहा है। गांव-गांव में शराब के सेवन से पारिवारिक विवाद, हिंसा और अपराध भी बढ़ रहे हैं।



## गली गली शराब, गली गली होम डिलीवरी

विधानसभा के हालात कुछ इस कदर हैं कि भले ही किसी मोहल्ले या वार्ड में मेडिकल दवाई की दुकानें न हो, लेकिन हर मोहल्ले में शराब माफियाओं के दो से तीन गुर्गे खुलेआम शराब बेच रहे हैं। सुराप्रेमियो के लिए ये शराब दुकान रेट से कम मूल्य में उपलब्ध है इसलिए लोग दुकानों से ज्यादा इन गली मोहल्ले ठेकों से लेना पसंद करते हैं। ये काम दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे में खुलेआम होता है लेकिन कार्रवाई अमूमन ही देखने को मिलती है। यही कारण है कि विधायक डॉ शर्मा को यह मामला विस में उठाना पड़ा।

## सरकार से की कार्रवाई की मांग

डॉ. शर्मा ने सरकार से मांग की कि पूरे क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। इसमें शामिल माफिया और उनके संरक्षणकर्ताओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि जनता का विश्वास बहाल हो सके। विस में लोग अवैध शराब की बिक्री से परेशान हो रहे हैं।

### डॉ. शर्मा ने सरकार से तीन प्रमुख मांगें की

- क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाएं।
- माफिया और उनके संरक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।
- जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

# कटनी जा रही युवती ट्रेन में हुई लापता, नर्मदा में तलाश जारी

## इंदौर से बैठी थी युवती, रात्रि 11 बजे उतरी थी बर्थ से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस से लापता हुई सिविल जज की तैयारी कर रही 28 साल की युवती की 3 दिन से सर्चिंग जारी है। रविवार को युवती को ढूंढते हुए परिजन कटनी से नर्मदापुरम पहुंचे। खर्राघाट नर्मदा नदी में युवती को ढूंढने के लिए सुबह 11 बजे से नर्मदापुरम की एसडीईआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया। युवती कटनी की रहने वाली है। रक्षा बंधन मनाने के लिए युवती 7 अगस्त को नर्मदा एक्सप्रेस में कोच नंबर B3 में इंदौर से कटनी के लिए बैठी थी। ट्रेन के कटनी पहुंचने पर युवती ट्रेन से नहीं उतरी। मोबाइल बंद आने पर परिजन ने उसकी गुमशुदगी कटनी जीआरपी में की। उसकी खोजबीन शुरू की। युवती को कोच के अन्य यात्रियों ने भोपाल रेलवे स्टेशन तक देखा था। मोबाइल की आखिरी लोकेशन भी भोपाल की थी। रेल पुलिस ने अलग-अलग रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। परिजन का कहना है कि युवती की अपर बर्थ थी। उसी बर्थ के नीचे के यात्री का कहना है कि 7 अगस्त की रात करीब 11.30 बजे युवती बर्थ से नीचे उतर रही थी, तब मुझे उनका पैर लगा था। उन्होंने मुझे सॉरी बोला और फिर टॉयलेट तरफ चली गई। फिर उन्होंने उसे नहीं देखा। परिजन का कहना है कि 11.30 बजे के आसपास ट्रेन बुधनी नर्मदापुरम के बीच में रहती है। नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे भी देखे। लेकिन वो उतरते नहीं दिखाई दी। इसलिए ऐसी आशंका है कि नर्मदा पुल से नीचे गिर गई होगी। इसलिए युवती की नर्मदा नदी में सर्चिंग की जा रही है।



एसडीईआरएफ नर्मदापुरम से प्लाटून कमांडर शिवराज चौधरी, आशीष, अश्वनी, कैलाश, शिवकुमार, सुनील, अवजीत की टीम 3 घंटे से वोट से सर्चिंग में जुटे है। साथ में युवती के परिजन भी है।

# नागरिकों से प्रशासन की अपील हेलमेट पहनें, सुरक्षित रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय वाहन चालक और पीछे बैठी सवारी दोनों हेलमेट आवश्यक रूप से पहने। उल्लेखनीय है कि मोटरयान अधिनियम की धाराओं 129 एवं 177 के तहत हेलमेट न पहनने पर कानूनी कार्रवाई की जाती है। साथ ही हेलमेट पहनना सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यातायात पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि अधिकतम सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण सिर पर चोट लगना है।




हेलमेट पहनने से गंभीर चोटों और मृत्यु के जोखिम को कम किया जा सकता है, जिससे आपकी और आपके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

## होनहार छात्र अनुराग ने एनआईटी में की12 वीं रैंक हासिल

पिपरिया। ग्राम पंचायत सेमरी तला के निवासी सचिव छबीले राम पटेल के पुत्र अनुराग ने एनआईटी में देश में १२ वी रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर सभी लागों ने उन्हें बधाई दी वहीं अनुराग पटैल ने अपनी इस सफलता के लिए शिक्षकों, भाइयों, मित्रों अपने माता-पिता को तथा समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। जिनके आशीर्वाद से तथा भरपूर मेहनत से सफलता प्राप्त कर सांसद विधायक का भी आभार व्यक्त किया है।



# भौंखेड़ीकला विद्युत सब स्टेशन पर ओवरलोड की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

भौंखेड़ीकला विद्युत सब स्टेशन में इन दिनों ओवरलोड की समस्या बनी हुई है। जिसे लेकर किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस विद्युत सब स्टेशन पर 5 एमवीए का एक पीटीआर है। जिस पर तीन फीडर चलायें जा रहे हैं। जिससे अत्यधिक लोड की स्थिति है।



प्राप्त जानकारी अनुसार खपरिया एग्रीकल्चर फीडर ओवरलोड में है। और इससे रात में ही बिजली वितरण हो रहा है। वहीं गोपालपुर एग्रीकल्चर फीडर पर खपरिया से भी अधिक लोड की स्थिति है और इसे दिन में चलाया जा रहा है। डीएलएफ भिलाड़िया पर भी समस्या बनी हुई है। ओवरलोड होने के बावजूद इसमें गोपालपुर एग्रीकल्चर का अतिरिक्त लोड जोड़ा जा रहा है। किसान जगदीश प्रसाद पटेल ने बताया कि परसाई पिपरिया के एग्रीकल्चर फीडर को भी जोड़ा गया है। तथा गुरारी के डीएलएफ से भी परसाई पिपरिया एग्रीकल्चर को जोड़ा गया है। इस कारण ग्रामीणों को अपने निवास पर केवल रात में लाइट मिल रही है। दूसरे 3.5 एमवीए के पीटीआर में भौंखेड़ीकला एग्रीकल्चर फीडर का लोड है। किशनपुर एग्रीकल्चर फीडर को रामनगर फीडर से संतुलित करने का असफल प्रयास किये जा रहे हैं। एडजस्ट किया जा रहा है। कुछ ग्रामीणों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि समस्या के बाद भी कई दबंग किसान डीएलएफ एवं एग्रीकल्चर दोनों से ट्यूबवेल चला रहे हैं। अधिकारियों की इसकी जानकारी ग्रामीण और किसानों द्वारा दी गई है। लेकिन कोई भी करवाई करने से पहले अधिकारियों की सांसें फूलने लगती हैं। क्षेत्रीय किसान चीटू पटेल बताते हैं कि भौंखेड़ीकला विद्युत सब स्टेशन में तीन वर्ष पहले आकाशीय बिजली गिरी थी। जिससे 33 केवी इनकमिंग बीसीबी खराब हो गया था। जिसे आज तक ना तो ठीक किया गया, ना बदल गया। यहां केबल इतनी खराब है कि कभी भी आपरेटर के ऊपर गिर सकती है। बार-बार जोड़कर जुगाड़ से काम चलाया जा रहा है।

**इनका कहना है**

तत्काल केबल पहुंचाई है। क्षमता बढ़ाने और एडीशनल ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा है।

**टीडी मालवीय, जेई शोभापुर।**

## स्वदेशी जागरण मंच ने निकाली यात्रा

पिपरिया। नगर के स्वदेशी जागरण मंच एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विद्यार्थीपरिषद विश्व हिंदू परिषद सभी व्यापारी वर्ग एवं नगर के तमाम समाजसेवी संगठनों के द्वारा एक साथ मंगलवारा चौराहे पर एकत्रित होकर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आवाहन किया सभीके द्वारा अपने हाथों में तख्तियां लेकर जुलूस निकाला गया। तथा लोगों को कोईसुविधा नहीं हो इस बात को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ भारत बनाए रखें तथा अपने भारत में तैयार की जा रही सभी वस्तुएं ही उपयोगी साबित हो ऐसी अपील की गई है। तथा लोगों को प्रोत्साहित किया गया। जागरूकता अभियान चलायाजावेगा ऐसा आवाहन किया गया। तथा अन्य विदेशी वस्तुओं का वहिष्कार करने की अपील भी की।

# नपा नगर में चला रही स्वच्छता अभियान स्मारकों की भी किया जा रहा साफ सुथरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शासन के निर्देशानुसार नगरपालिका द्वारा नगर में निकलने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कें धोई जा रही हैं। स्मारकों की सफाई की जा रही है। घाटों को धोया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर तिरंगा यात्रा को लेकर समूचे नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सड़कों और घाटों की धुलाई की जा रही है। स्मारकों की सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नगर के सभी क्षेत्रों में नागरिकों में जनजागरूकता लाई जा रही है कि वे अपने घर आंगन गलियों को साफ स्वच्छ रखें। वहीं नपा द्वारा वार्डवार घर घर जाकर नागरिकों को समझाइश दी जा रही है कि गीला कचरा और सूखा कचरा अलग अलग रखें। साथ ही नगर को स्वच्छ बनाने में नगरपालिका का सहयोग करें। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के नागरिकों से आग्रह किया है कि नगर में निकलने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर नगरपालिका द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्य में नगर के सभी नागरिक नगरपालिका का सहयोग करें।





# पिपरिया में नदी में ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया के नंदवाड़ा गांव में रविवार दोपहर 35 वर्षीय किसान अर्जुन सिंह अपना ट्रैक्टर धोने नदी में गए थे। इसी दौरान ट्रैक्टर स्लिप होकर पलट गया और वे उसके नीचे दब गए। ग्रामीणों ने तुरंत अर्जुन को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक के पिता उम्मेद सिंह उईके ने पुलिस को बताया कि अर्जुन गांव की छोटी नदी में ट्रैक्टर धो रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर अचानक पलट गया और वे उसके नीचे दब गए। स्टेशन रोड थाने के प्रधान आरक्षक साजिद अली ने बताया कि उम्मेद सिंह की सूचना पर मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। मामले की जांच जारी है। मृतक अर्जुन के चाचा बृजलाल के अनुसार, अर्जुन के दो छोटे बेटे हैं।



# नर्मदांचल में पारंपरिक रूप से मनाया गया कजलिया का पर्व, बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

रक्षाबंधन के दूसरे दिन कस्बों व ग्रामों में कजलिया पर्व आज भी परंपरा अनुसार मनाया जाता है। रविवार को कजलिया विसर्जन जलस्त्रोतों में किया गया तथा सनातनियों ने कजलियों का आदान प्रदान किया। सोहागपुर क्षेत्र में कजलिया पर्व संस्कृति का मुख्य हिस्सा बना हुआ है। इस सनातनी परंपरा को जीवित रखने में कई परिवारों में पूर्वजों की भूमिका रही है। नागरिकों ने बताया कि श्रावण शुक्ल पक्ष में कजलियां बोई गई थी। परम्परा अनुसार कजलियां पत्तों से बने दोनों में बोई गईं। रोजाना कजलियों को दूध व जल से सींचकर धन-धान्य की कामना की गई। फिर भाद्रपक्ष के प्रथम दिन कजलियां का विसर्जन कर कजलियां पर्व मनाया गया। कजलियां मूलतः बघेलखंड और बुंदेलखंड की परंपरा रही है जो कि पर्व के रूप में समूचे प्रदेश में सम्मिलित हो गई। क्षेत्रीय बुजुर्गों के अनुसार कजलिया अथवा भुजरिया रूप में गेहूं की कोमल बालियों को आदर और सम्मान के साथ भेंट करने एवं आयु में छोटों के कानों में लगाने की परंपरा सदियों से जारी है। जिसका अनुसरण रविवार को क्षेत्र में नजर आया। कजलियों को लेकर महिलाओं और छोटे-छोटे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों को कजलियां आदान प्रदान उपरांत शगुन के रूप में बड़ों ने रुपए-पैसे दिए।



# ब्राह्मणों ने सेठानी घाट पर किया सामूहिक श्रावणी उपाकर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदा शंकर ब्राह्मण सेवा समिति के तत्वावधान में समस्त ब्राह्मण समाज श्रावण पूर्णिमा को प्रातः 6 बजे से सेठानी घाट पर श्रावणी उपाकर्म महोत्सव मनाया एवं श्रावणी उपाकर्म किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मणों द्वारा हेमाद्रि संकल्प, दशविध स्नान, देव तर्पण, ऋषि तर्पण, पितृ तर्पण, सप्त ऋषि पूजन, पंचांग पूजन यज्ञोपवीत पूजन एवं जनेऊ धारण कर हवन होम किया। इस अवसर पर नगर के सभी अचार्य गण वैदिक एवं विद्वान ब्राह्मण एवं बटुक सहित यज्ञोपवीत को धारण करने वाले सभी सनातनी उपस्थित रहे ।

श्रावणी उपाकर्म में शरीर मन और इंद्रियों को पवित्र करने के साथ यज्ञोपवीत पूजन एवं उपनयन संस्कार का विधान है। सनातन संस्कृति की जयघोष का उत्सव है रक्षाबंधन।

## जय राजपूत समाज सेवा समिति द्वारा दिया जाता है सम्मान

# डोलरिया तहसील के वरिष्ठ समाज सेवी और बीजेपी नेता चंदन सिंह परिहार राजपूत रत्न-2024 से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

समाज सेवा के क्षैत्र में विशिष्ट कार्य और समर्पित योगदान के लिए जय राजपूत समाज सेवा समिति की ओर से प्रतिवर्ष दिए जाने वाले वार्षिक सम्मान राजपूत रत्न से वर्ष-2024 के लिए तहसील डोलरिया के वरिष्ठ समाज सेवी और बीजेपी नेता डोलरियाँ निवासी चंदन सिंह परिहार को सम्मानित किया गया।

डोलरिया पहुंच समिति सदस्य द्वारा महाराणा प्रताप कॉम्प्लेक्स स्थित महाराणा प्रताप की अश्वरोही 11.5 फीट प्रतिमा के समक्ष रविवार को उन्हें शाँल, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति सचिव संजय सिंह राजपूत ने बताया कि समिति की ओर से प्रतिवर्ष राजपूत रत्न सम्मान प्रदान किया जाता है यह सम्मान उन स्वजातीय बंधुओं व मातृशक्ति को दिया जाता है जो देश एवं जनहित में समाज सुधार, समाज के विकास, जागरुकता में अपनी सराहनीय योगदान से समाज में उत्कृष्ट कार्य निस्वार्थ भाव से कर समाज को एक नई एवं सही दिशा प्रदान कर रहे हैं।

यह वार्षिक सम्मान जय राजपूत समाज सेवा समिति के तत्वधान में प्रतिवर्ष प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष आयोजित होने वाले राजपूत समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन की पत्रिका परिणय-चयनिका के विमोचन के दौरान आयोजन में प्रदान, घोषित किये जाते हैं ।

## पूर्व में भी हो चुके हैं सम्मानित

वर्ष 2023- अशोक सिंह जादौन वरिष्ठ पत्रकार और समाज सेवी इंदौर - पत्रकारिता, सामाजिक और राजपूत समाज के सशक्तीकरण व जागरुकता के क्षेत्र में उत्कर्ष योगदान हेतु, 2022-आर्किटेक्ट मोहित सोलंकी सीईओ-यूके कांसेप्ट डिजाईनर रायपुर छत्तीसगढ़- उन्नतशील युवा उद्यमी, पर्यावरण एवं समाज सेवा में उत्कर्ष कार्य हेतु, 2020- नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा विजय राजपूत बुधनी जिला सिहोर - सामाजिक और महिला सशक्तीकरण व जागरुकता के क्षैत्र में उत्कर्ष योगदान हेतु, 2019- मध्य प्रदेश की महिला सेलर - कु.हर्षिता तोमर नर्मदापुरम- 18वें एशियाड गेम्स में कांस्य पदक एक मात्र विजेता एवं देश की सबसे छोटी महिला सेलर के रुप में खेलों में उत्कर्ष प्रदर्शन हेतु सम्मानित हो चुके हैं। इस अवसर पर समाज की महिलाशक्ति करुणा भगत सिंह भदौरिया, कामिनी प्रमोद सिंह राजपूत, मुक्ता मनोज सिंह राजपूत, मोहिनी दिगपाल सिंह राजपूत, रीना सत्यनारायण परिहार, शिवानी राजपूत, आदि मौजूद रहे।



# राज्यसभा सांसद नारोलिया ने जवानों को बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एंव भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने जिला होमगार्ड कार्यालय पहुंचकर वहां तैनात होमगार्ड सैनिकों की कलाइयों पर राखी बांधकर रक्षाबंधन त्योहार को हर्षोल्लास से मनाया। साथ ही सैनिक भाइयों को राखी बाँधकर उनके स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की। सांसद माया नारोलिया ने कहा, हमारे जांबाज़ होमगार्ड सैनिक भाई दिन-रात समाज की सेवा और हमारी सुरक्षा में तत्पर रहते हैं। आज उन्हें राखी बाँधना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। इस अवसर पर भाजपा जिला जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, कल्पेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंचल राजपूत, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र जाट आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### संजय राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित

**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के स्वयंसेवक रहे संजय उइके को मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एनएसएस राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2021-22 से स्वयंसेवक को सम्मानित किया जाएगा। संजय उइके जिले के छोटे से गांव चुनागोसाई के रहने वाले है। वर्तमान में संजय मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग जिला हरदा में प्राथमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत है। उन्हें यह पुरस्कार भारत सरकार और मप्र शासन के द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम में शिक्षा के साथ-साथ स्वैच्छिक सामाजिक सरोकार के कार्यों में विगत वर्षों में रक्तदान, पौधारोपण, बाल संरक्षण, कोरोनाकाल में जागरूकता अभियान, कोविड टीकाकरण शिविरों में सहयोग, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक, गाजर घास उन्मूलन, एड्स जागरूकता, कैंसर जागरूकता, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि में सराहनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है।

### मंगलवार को बैतूल नगर में निकलेगी तिरंगा यात्रा

**बैतूल।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा मंगलवार को नगर पालिका परिसर से भव्य तिरंगा रैली निकाली जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सतीश मत्सेनिया ने बताया कि तिरंगा रैली नगर पालिका से प्रारंभ होकर लल्ली चौक, गांधी चौक, थाना चौराहा होते हुए कमानी गेट, श्मशान घाट होते हुए गणेश चौक से कॉलेज चौक, नंदी चौक, दिलबहार चौक, मैकेनिक चौक, पीडब्लूडी चौराहा से कारगिल चौक, अंबेडकर चौराहा, बस स्टैंड होते हुए वापिस नगर पालिका पहुंचेगी, जहां तिरंगा रैली का समापन किया जाएगा। उन्होंने जन मानस से तिरंगा रैली में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बैतूल।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय आठनेर में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए रविवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय से ग्राम बरखेड़ तक भव्य तिरंगा रैली से हुई। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रतिभागियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के जोशीले नारे लगाकर पूरे मार्ग में देशभक्ति का वातावरण बना दिया। रैली के पश्चात महाविद्यालय परिसर में चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 6 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें मुस्कान राठौर बीएससी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में 3 प्रतिभागियों ने भागीदारी की। इस प्रतियोगिता में करीना बीएससी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### देश की सेवा में जीवन समर्पित कर लौटे वीर सपूत

**भौंरा।** मातृभूमि की रक्षा में अपना जीवन समर्पित कर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए डांडीवाडा के वीर सपूत रामभरोसे कास्दे का शुक्रवार को गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गांव में उनके लौटने की सूचना मिलते ही वातावरण उत्साह और गर्व से भर उठा। मेहर रेजीमेंट के पूर्व सैनिक रामभरोसे कास्दे ने अपने सैन्य जीवन में देश की सीमाओं पर कठिन परिस्थितियों में डटे रहकर सेवा की। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई बार दुर्गम और संवेदनशील इलाकों में देश की सुरक्षा में योगदान दिया। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी सेवाएं न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव के लिए गर्व की बात हैं। स्वागत समारोह का आयोजन इं. पवन यादव ब्रिगेड मित्र मंडली डांडीवाडा के नेतृत्व में किया गया। रामभरोसे कास्दे का पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया गया और ढोल-नगाड़ों की धुन पर जुलूस के रूप में उन्हें घर तक लाया गया। इस दौरान ग्रामीणों, बच्चों और युवाओं में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।

## जिला अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

# भाइयों को राखी बांधने के बाद खाया जहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आठनेर थाना क्षेत्र के कावला गांव में शनिवार रात एक 32 वर्षीय महिला ने अपने भाई का राखी बांधने के बाद जहर खा लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल बैतूल लाया गया। इलाज के दौरान रविवार दोपहर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शाम को परिवार के सभी लोग पूजा-पाठ में व्यस्त थे। भोजन की तैयारी चल रही थी। तभी पुष्पा बारस्कर पति महादेव बारस्कर निवासी ग्राम कवला ने अचानक घर में रखा जहरीला कीटनाशक पी लिया। यह दृश्य उसकी बेटी प्रीति ने देखा। उसने तत्काल परिजनों को सूचना दी। पति के मुताबिक वह 15 दिन पहले मजदूरी के लिए महाराष्ट्र गया था। वहां से कल ही लौटा था। घटना से पहले पत्नी के साथ वह फसल देखने खेत पर गया था। वहां से लौटने पर उसने भाइयों को राखी बांधी। वह थका हुआ था तो आराम करने चला गया। इस बीच उसने जहर खा लिया। परिजन उसे तत्काल आठनेर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति देखकर उसे आईसीयू वार्ड में भर्ती किया। सभी प्रयासों के बावजूद रविवार दोपहर लगभग 12 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पंचनामा कर शव का पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला ने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में फिसला पैर, अधेड़ की मौत



**बैतूल।** रेलवे स्टेशन पर रक्षाबंधन के मौके पर एक हादसा हो गया। चलती ट्रेन में चढने की कोशिश कर रहे 53 वर्षीय व्यक्ति का संतुलन बिगड़ गया। पैर फिसलने से वह ट्रेन से नीचे गिर पडे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शव की पहचान संजय चौरसिया, निवासी यादव कॉलोनी जबलपुर के रूप में हुई। संजय चौरसिया रक्षाबंधन के अवसर पर अपनी बहन से राखी बंधवाने बैतूल आए थे। वे बैतूल से आमला जाने के लिए संघमित्रा एक्सप्रेस पकडने रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। जब वह स्टेशन पर पहुंचे तब ट्रेन पहले ही चल चुकी थी और प्लेटफॉर्म से निकल रही थी। जल्दबाजी में उन्होंने चलती ट्रेन में चढने का प्रयास किया। इसी दौरान उनका पैर फिसला और वे ट्रेन से नीचे गिर गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनका शरीर दो टुकड़ों में कट गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही जीआरपी टीम घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर पंचनामा कर शव को जिला अस्पताल भिजवाया गया। शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। संजय चौरसिया जबलपुर के यादव कॉलोनी के रहने वाले थे और वहां कपड़ों का व्यवसाय करते थे। पारिवारिक जनों के अनुसार, वे राखी के अवसर पर बैतूल आए थे और वापस आमला होते हुए जबलपुर लौट रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही उनके परिजन भी स्टेशन और अस्पताल पहुंच गए। घटना के बाद रेलवे प्रशासन और जीआरपी ने यात्रियों से अपील की है कि वे कभी भी चलती ट्रेन में चढने या उतरने का प्रयास न करें। ट्रेन के पूरी तरह रुकने के बाद ही चढ़ें या उतरें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल जीआरपी द्वारा मामले की जांच की जा रही है। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और चश्मदीदों से भी पूछताछ की जा रही है।

### तेज रफ्तार कार ने गाय को मारी टक्कर



**शाहपुर।** नगर के मध्य स्थित राम मंदिर चौक के पास तेज गति से कर चलते हुए कई लोगों का नुकसान करते हुए कार पलटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्षाबंधन के पर्व के दिन रात 9 बजे के लगभग नशे में धूत दो कार सवारों ने सबसे पहले नए बस स्टैंड पर एक बैठी गाय को टक्कर मारी। उसके पश्चात बीच बस्ती में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाते हुए अपने घर को जा रहे वरिष्ठ गिरजा प्रजापति को उसकी नातन किरण के साथ टक्कर मारी। नातिन किरण प्रजापति ने बताया कि उसे कर के आने का आभास बहुत तेज गति से हो गया था। उसने अपने दादाजी को छोटी टीवीएस मोपेड को साइड करने के लिए कहा। वह भी गाड़ी से उतरकर एक किनारे पर खड़ी हो गई। उसी की आंखों के सामने उसके दादाजी गिरजा प्रजापति को कार वाले ने टक्कर मारी। जिससे वह गाड़ी सहित गिर गए और गाड़ी उनके ऊपर आ गई। उन्हें सिर में पैर में और अन्य अंदरूनी चोटें आई है। किरण को भी चोट लगी है। कार बहुत तेज गति से नगर के बीचो-बीच गाड़ी चला कर काफी लोगों को नुकसान पहुंचाया।

## पारंपरिक विधि से किया विसर्जन

## भुजरिया पर दिखा भाईचारे का रंग



**भौंरा।** रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला पारंपरिक भुजरिया पर्व रविवार को नगर में हर्षोल्लास और आस्था के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही नगर के विभिन्न वार्डों माता मोहल्ला, आजाद वार्ड, काली वार्ड, ढीमर मोहल्ला, रेलवे कॉलोनी, गांधी चौक सहित अनेक वार्डों से महिलाएं और युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में माथे पर सजाए हुए भुजरिया लेकर घरों से निकलीं। पारंपरिक गीत गाते हुए और बैंड बाजों की धुन पर चलते हुए महिलाएं मां बिजासन मंदिर परिसर स्थित नदी तट तक पहुंचीं, जहां सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर भुजरिया का जल में विसर्जन किया गया। इसके बाद महिलाएं घर लौटकर भगवान को भुजरिया अर्पित कर मोहल्लों में एक-दूसरे के घर जाकर भुजरिया देकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। मान्यता है कि सावन महीने में खेतों में बोए गए नए अन्न और हरी फसलों के सम्मान में यह पर्व मनाया जाता है। यह खेती-किसानी, जल और हरियाली के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है। साथ ही, यह भाईचारे और पारस्परिक मेलजोल को बढ़ावा देने वाला अवसर भी है। स्थानीय महिला पुष्पा बाई ने बताया, भुजरिया पर्व पर हम सभी महिलाएं मिलकर पूजा करते हैं और फिर एक-दूसरे के घर जाकर भुजरिया देते हैं। यह परंपरा वर्षों से चल रही है और इससे मोहल्ले में प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। नगर निवासी संतोष कुमार ने कहा, इस पर्व का सबसे अच्छा पहलू यह है कि शाम को हर घर में लोग मिलने आते हैं, जिससे आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं और पुरानी कड़वाहट भी दूर हो जाती है।

## चोरी की दो घटनाओं के पांच आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने कोयला खदान और पावर हाउस में चोरी का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी



पुलिस ने दो अलग-अलग चोरी के मामलों का खुलासा किया है। इन मामलों में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 65,000 रुपए की चोरी गई सामग्री और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया है। पहले मामले में पुलिस चौकी पाथाखेड़ा थाना सारणी की टीम ने डब्ल्यूसीएल खदान से चोरी हुए कॉपर तार का केस सुलझाया है। इस मामले में बंटी चौहान, मुकेश बडोदे और भीम सेलके को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी पाथाखेड़ा के निवासी हैं। फरियादी कमलेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3-4 अगस्त की रात सब स्टेशन पाथाखेड़ा से लगभग 20 फीट लंबा कॉपर केबल चोरी हो गया था। इस केबल की कीमत करीब 20,000 रुपए है। जांच में आरोपियों की पहचान होने पर पूछताछ की गई। आरोपियों ने केबल चोरी कर तवा-1 खदान के जंगल में छुपाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मौके से केबल बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। दूसरे मामले में थाना सारणी पुलिस को 9 अगस्त को सूचना मिली थी। एक पिकअप वाहन (एमपी 04 जीबी 5111) में एमपीपीजीसीएल सारणी के लोहे के पाइप भरकर चोरी कर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने शॉपिंग सेंटर सारणी में पांसे के गैरेज के पास वाहन को रोका। जांच में 21 नग लोहे के टुकड़े बरामद किए गए। प्रत्येक टुकड़ा 2-3 मीटर लंबा था। पाइप की कीमत 45,000 रुपए आंकी गई है। घटना में प्रयुक्त पिकअप की कीमत 5 लाख रुपए है। वाहन चालक सूरज जाटव (33) और कंडक्टर लक्ष्मण जायसवाल (24) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों सारणी के निवासी हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की गई संपत्ति जब्त की है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### खेत की झोपड़ी में लगी आग, गाय, बछड़ा और कृषि उपकरण जले

**मुलताई।** मासोद में पुलिस चौकी के पीछे स्थित खेत में बनी झोपड़ी में आग लग गई। आग से झोपड़ी में बंधी गाय, बछड़ा और कृषि उपकरण जल गए। किसान हीरालाल साहू ने बताया वह शाम में गोवंश को झोपड़ी में बांधकर घर आ गया था। सुबह पडोसी किसान ओमकार धाडसे ने फोन कर बताया झोपड़ी में से धुआं उठ रहा है। जाकर देखा तो झोपड़ी जलकर खाक हो गई थी। आग की चपेट में आने से एक गाय, बछ?ा की जलकर मौत हो चुकी थी। आग से 20 पाइप, टंकी, दो बोरी खाद सहित अन्य उपकरण जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

## सारनी में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

## स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



सारनी। भारतीय जनता पार्टी मण्डल सारनी के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को जयस्तम्भ चौक से शहीद स्मारक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार की मौजूदगी में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में नपा अध्यक्ष किशोर वरदे,तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक कमलेश सिंह,नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार मण्डल अध्यक्ष नागेंद निगम,सतपुड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष अरविंद सोनी सहित बडी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारी सेना ने जिस प्रकार अपने शौर्य का प्रदर्शन किया है वह देश के लिए गर्व का विषय है। भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि शहीदों के अप्रतिम बलिदान के कारण हमें आजादी मिली है। यह तिरंगा यात्रा आजादी के अमर शहीदों एवं हमारे सेना के वीर जवानों को समर्पित है। नपा अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुधा चन्द्रा ने किया। तिरंगा यात्रा के सफल संयोजन में अभियान के मण्डल संयोजक सुनील अग्रवाल,सहसंयोजक कुबेर डोंगरे,रेवा मगरदे,राजकुमार नागले सहित सभी कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संजय अग्रवाल, जीपी सिंह, जगदीश आहूजा,वरिष्ठ नेता श्याम मदान, समाजसेवी सुनील भारद्वाज, शिबू सिंह,परमेश्वर नागले,गोलू राजपूत,सुनन्दा पाटिल सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रेम त्याग और समर्पण का प्रतीक है रक्षाबंधन पर्व

## स्वयं सेवकों ने रक्षा सूत्र बांध कर दिया समरसता का संदेश

**मुलताई।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर के सेवा बस्ती गांधी वार्ड में पहुंचकर समाज बंधुओ को रक्षा सूत्र बांधकर समरसता का संदेश दिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा प्रतिवर्ष सेवा बस्ती में रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है जिसमें सभी स्वयंसेवक बंधु और बस्ती के सभी परिवारजन मातृशक्ति मिलकर एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधते हैं। यह पर्व प्रेम त्याग और समर्पण के भाव को यह



त्यौहार दर्शाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है जिसमें पांच परिवर्तन के साथ हम सभी को अपने देश राष्ट्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहना है पांच परिवर्तन हर घर में हो 1 कुटुंब प्रबोधन 2 पर्यावरण 3 समरसता 4 नागरिक शिष्टाचार 5 स्व का भाव रक्षाबंधन के पर्व पर संतोष शर्मा भागवत आचार्य द्वारा आशीष वचन भी प्राप्त हुए उन्होंने कहा भगवान द्वारा हम सब को बनाया गया, हम सब एक है, हम सब हिंदू है इस धरती पर रहने वाले कोई अछूत नहीं है कोई बड़ा ,छोटा नहीं है।

### महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल की वीरा बहनों ने सेवानिवृत्त सैनिकों को बांधा रक्षासूत्र



**बैतूल।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल की वीरा बहनों ने सैनिक कल्याण कार्यालय में पहुंचकर 75 से अधिक सैनिक भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कप्तान सुमित सिंह (इंडियन नेवी) और सेवानिवृत्त सूबेदार जगदीश साहु ने कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर चाइना और पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में शामिल सात सैनिक भी उपस्थित रहे। वीरा बहनों ने राखी बांध कर एवं शॉल और श्रीफल भेंटकर इन वीर योद्धाओं का सम्मान किया। जब इन सैनिकों ने युद्ध के अनुभव अपनी जुबानी सुनाए तो मौजूद सभी बहनों की आंखें आंसुओं से भर आईं। भारतीय सेना की कार्यशैली, अनुशासन, देशभक्ति और वीरता की सभी ने हृदय से सराहना की। वहीं, महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल के उद्देश्यों एवं संस्था द्वारा किए जा रहे मानवीय सेवा कार्यों को सुनकर सभी सैनिकों ने प्रशंसा की।

## अभी बरेठा घाट 6 से 10 मीटर चौड़ा, इसलिए लग रहा है बार-बार जाम

# दुर्घटनाओं व ट्रैफिक जाम को रोकने बरेठा घाट में दो जगह चौड़ी होगी टर्निंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भोपाल-नागपुर फोरलेन पर बरेठा घाट सेक्शन में मंदिर के पास के दो खतरनाक मोड़ अब चौड़े किए जाएंगे। इसके बाद इन मोड़ों पर वाहन आसानी से मुड़ सकेंगे और यहां पर वाहन पलटने व ट्रैफिक जाम की स्थितियां भी बहुत कम रह जायेगा। दरअसल एनएचएआई ने यहां पर काम करवाने की योजना बनाई है, लेकिन बरेठा घाट में निर्माण का मामला होई कोर्ट में होने के कारण यहां पर संकरा है। इस कारण यहां वाहन चालकों को बरेठा घाट में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरेठा मंदिर के पास खतरनाक मोड के साथ-साथ उतार-चढ़ाव वाली स्थित है, जिससे बड़े वाहनों को टर्निंग में काफी परेशानी जाती है। कई बार घाट में वाहनों के फंसने या पलटने से घंटो लंबा जाम लग लग जाता है। इसके अलावा 21 किमी सडक़ मेंटेनेंस के अभाव में गड्ढों से पटी पड़ी है। एक-एक फीट गहरे गड्ढे हो चुके हैं। बारिश में तो ये गड्ढे समझ भी नहीं आते। इस कारण वाहन दुर्घटना के भी शिकार हो रहे हैं।

### अक्सर लगते है लंबा जाम चालक होते है परेशान

बरेठा घाट में ट्रक पलटने या बड़े वाहनों के कारण अक्सर जाम लगते है। वहीं घाट में छोटे-मोटे जाम तो आमबात है। जिसके पीछे एक कारण यह है कि 51 किलोमीटर फोरलेन 30 मीटर चौड़ा बन गया है, लेकिन बरेठा घाट 6 से 10 मीटर चौड़ा ही है। यहां टर्निंग पर सडक़ बमुश्किल 6 मीटर चौड़ी है, इस कारण वाहन फंस जाते हैं और कई बार तो पलट जाते हैं। अधिकांश जाम मंदिर के दोनों ओर की संकरी टर्निंग पर लगते हैं। यहां बड़े वाहनों के टर्न करने के दौरान रिवर्स आने की भी अधिक संभावना रहती है। यदि घाट के मंदिर के समीप की दोनों जगहों पर टर्निंग की चौड़ाई बढ़ाई दी जाये तो काफी हद तक वाहन चालकों को जाम की राहत मिल जायेगी।

### घाट सेक्शन में बनाए जाने हैं दो एनीमल अंडरपास

बैतूल से इटारसी के बीच 650 करोड़ से 72 किलोमीटर फोरलेन बनना था। इसमें से 21 किलोमीटर में काम रुका हुआ है। फोरलेन निर्माण से बाघों और अन्य वन्य प्राणियों का आवागमन प्रभावित नहीं हो इसके लिए फोरलेन पर दो जगह 1 किलोमीटर और 400 मीटर लंबे एनीमल अंडरपास बनाने की रिपोर्ट राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने एनएचएआई को दी है। इस रिपोर्ट के अनुसार तवा परियोजना के प्रवेश द्वार के समीप और बरेठा घाट के समीप एनीमल अंडरपास बनाने पड़ेंगे। जिससे कि वन्य प्राणियों का आवागमन इस फोरलेन के बनने प्रभावित नहीं हो। इस रिपोर्ट के बाद 21 किलोमीटर में रुका हुआ काम शुरू होने के आसार बन गए हैं। लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है।

### काम अधूरा होने से परेशानी

अभी तक जो 51 किलोमीटर फोरलेन बना है उसमें भी इंतजाम अधूरे ही हैं। बताया जा रहा है कि इटारसी-बैतूल खंड में पाढर, शाहपुर और भौंरा बायपास पर अभी तक स्ट्रीट लाइट नहीं लगे हैं, प्रस्तावित सर्विस रोड पक्के नहीं हैं। डिवाइडर के बीच पौधरोपण



नहीं हुआ है। नीम पानी में बिजली का इंतजाम नहीं हुआ है, यहां भी सर्विस रोड़ समेत अन्य प्रस्तावित काम अधूरे हैं। कई जगह डिवाइडर और क्रासिंग पर नियमानुसार काम नहीं हुआ है। हाइवे पर इमरजेंसी काल के लिए फोन सुविधा नहीं है। फोरलेन पर जिन जिन जगहों पर विद्युतीकरण, सर्विस रोड समेत अन्य प्रस्तावित कार्य होने थे वे अधूरे हैं। बीच में पौधरोपण नहीं होने से रात में वाहनों की हेडलाइट से दूसरी लाइन के छोटे वाहन चालकों को असुविधा होती है। इस कारण गांव के जोड़ों पर हादसे हो रहे हैं।

### कराने की प्लानिंग है

मंदिर के आसपास दो जगहों पर जो टर्निंग संकरी हैं, उन्हें टाइगर डेवलपमेंट में जो काम होगा, उसके साथ ही कराने की प्लानिंग है।

मनीष मीणा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

## खबर संक्षेप



### 20 साइकिलें मिलीं, बच्चों ने बनाई रंगोली

**सीहोर।** ग्राम उलझावन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गईं। छात्र-छात्राओं को फूल माला पहनाकर 20 साइकिलें दी गई। साथ ही स्कूल में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रंगोली और चित्रकला में भी हिस्सा लिया। जिसकी जन प्रतिनिधियों ने खूब सराहना की। स्कूल में उपस्थित अतिथि पिंटू वर्मा, मुकेश वर्मा, एवं महेंद्र वर्मा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। शाला प्राचार्य डॉ. नुजहत अनीस खान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### दस्तक अभियान व स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 सितंबर तक

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर 2025 तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी औ और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा। अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जाएगा और समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

### गानों पर थिरके युवक-युवतियां, रैली में झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

# विश्व आदिवासी दिवसः 6 डीजे के साथ निकाली रैली पारंपरिक वेशभूषा पहने समाजजन हुए शामिल

भैरुंदा पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रैली निकाली गई जहां रैली में आदिवासी समुदाय के लोग अनुशासित होकर चल रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

9 अगस्त को मनाएं जाने वाला विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। आज संजोग से रक्षाबंधन और विश्व आदिवासी दिवस एक साथ माना रहे है। एक तरफ़ जहां बहनें अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा कबज की डोर बंधकर रक्षा बन्धन मनाया गया तो वहीं दूसरी और विश्व आदिवासी दिवस पर नगर में धूमधाम से आदिवासी समाज ने रैली निकाल कर विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। यह रैली नगर में आदिवासी समाज समिति के नेतृत्व में सीहोर रोड ग्रीन गार्डन से कृषि संगोष्ठी भवन तक रैली निकाली गई। रैली में आदिवासी समुदाय के लोग रंग बिरंगे परिधानों में शामिल हुए।गाजे बाजे एवं शामिल 6डीजे के साथ निकली रैली में जहां युवक युवतियां पारंपरिक नृत्य कर रहे थे वहीं महिला पुरूष एवं बच्चे भी गोंडी गीतों पर थिरक रहे थे। विशाल रैली में झांकी आकर्षण का केंद्र थीं।

**पुलिस की सुरक्षा में निकाली गई रैली यातायात की व्यवस्था बनी रही :** भैरुदा पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रैली निकाली गई जहां रैली में आदिवासी समुदाय के लोग अनुशासित होकर चल रहे थे, ताकि यातायात में व्यवधान ना हो सके। इस दौरान युवा डीजे पर गोंडी गानों के साथ थिरक रहे थे वहीं जय सेवा सहित अन्य जयकारे लगाए जा रहे थे। उक्त रैली में नगर सहित पूरे क्षेत्र के आदिवासी संगठन शामिल हुए जिससे मार्ग पर विशाल रैली नजर आई। रैली में युवतियां एवं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पारंपरिक नृत्य करते हुए चल रहीं थी वहीं पुरूष भी अलग एवं युवा भी नृत्य कर रहे थे जिससे देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर लोगों की भीड़ लगी रही।

**फूलों की वर्षा कर भाजपा,कांग्रेस पार्टी ने किया रैली का स्वागत :** विश्व आदिवासी दिवस पर नगर में विशाल रैली निकाली गई इस दौरान जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया तो वहीं भाजपा, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं ने आदिवासी समाज के लोगों पर फूलों की वर्षाकर स्वागत सत्कार किया गया।











**विजेताओं, प्रतिभाओं का किया सम्मान:** एक दिन पहले आदिवासी समाज समिति द्वारा ग्रीन गार्डन में आयोजित आदिवासी लोक गीत पारंपरिक नृत्य की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थलपर समाज के वीर पुरुषों की फोटो प्रतिमा का पूजन किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। आयोजन में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित मूल निवासी दिवस का संदेश वाचन किया गया जिसके बाद मुख्य अतिथियों ने उद्बोधन दिया। आयोजन विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ समाजिक सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में युवक युवतियों सहित बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उन्हें पुरुस्कार सम्मान राशि भेंट की।

## अपने भाई को राखी बांधने बहनें पहुंची उपजेल में भावुक हुए भाई बहनों के आंखों से निकले आंसू



**भैरूंदा।** रक्षाबंधन का पर्व जहां बहनें भाई की कलाई पर खुशी खुशी रखी बांधने पहुंची जैल में सुबह से ही पहुंची। अवसर पर भैरुंदा उपजेल में भावनाओं से भरा माहौल देखने को मिला। सुबह से ही बहनें अपने-अपने बंदी भाइयों से मिलने पहुंचीं।

मुलाक़ात कक्ष में राखी बांधते समय बहनों की आंखें भर आईं, वहीं भाइयों ने भी बहनों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। जेल प्रशासन ने इस विशेष दिन के लिए विशेष व्यवस्था सुविधाओं बनाई गई। जिससे बहनें बिना किसी रोक रोक के अपने भाइयों तक पहुंच सकें। सुरक्षा व्यवस्था के बीच बहनों ने मिठाई खिलाई और उपहार भी दिए। इस अवसर पर कई बंदी भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि भले ही वे जेल की चारदीवारी में हैं, लेकिन इस त्योहार ने उन्हें घर के स्नेह और अपनत्व का एहसास कराया। रक्षाबंधन ने यहां भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और भी मजबूत किया। मुलाकात के दौरान एक-दूसरे के साथ बिताए ये पल सभी के लिए यादगार बन गए।

रक्षा बन्धन के मौके पर महिला समन्वय जिला संयोजिका राधिका जैमिनी, वर्षा खंडेलवाल, भारती देवलिया, पूजा बैरागी, उषा श्रोतिय व अन्य महिलाएं थाना परिसर भेरूंदा पहुंचीं।

यहां उन्होंने थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित पुलिस स्टाफ को राखी बांधी और श्रीफल व मिठाई भेंट की। बहनों ने पुलिस कर्मियों की लंबी उम्र और सुरक्षित



जीवन की कामना की। रक्षाबंधन के इस पर्व ने जेल और थाना परिसर दोनों में ही भाई-बहन के प्रेम, सुरक्षा और स्नेह का संदेश दिया। यह दिन न केवल कैदियों और पुलिसकर्मियों के लिए, बल्कि पूरे नगर के लिए एक भावुक और प्रेरणादायक अवसर देखने को मिला।

## सड़क पर गड्ढे, सीमेंट उखड़ा सरिए तक दिखने लगे, सुरक्षा दीवारों में भी दरारें

**भैरूंदा।** पांडागांव स्थित सीप नदी पर 9 करोड़ 48 लाख की लागत से बना पुल महज 8 महीने में ही घटिया निर्माण की पोल खोलने लगा है। पुल के कई हिस्सों में गड्ढे बन गए हैं। सीमेंट उखड़ चुकी है। सरिए तक बाहर दिखने लगे हैं। सुरक्षा दीवारों में भी दरारें साफ नजर आ रही हैं और निर्माण कंपनी इसे सामान्य प्रक्रिया बता रही है। विभाग ने मरम्मत और जांच की बात कही है।

यह वही पुल है, जिसका निर्माण 2022 में शुरू हुआ था। 30 नवंबर 2024 को भाजपा विधायक रमाकांत भार्गव और अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इसका लोकार्पण हुआ था। पुल की लंबाई 150 मीटर है। जब तक यह पुल बनकर तैयार नहीं हुआ, तब तक 3 करोड़ 74 लाख की लागत से नीचे एक बॉक्स ब्रिज बनाया गया था। उस बॉक्स ब्रिज की हालत भी कुछ ही समय में खराब हो गई थी। उसमें भी बेयरिंग कोड उखड़ने लगे थे। बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। सरिए बाहर आ गए थे। इससे वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया था।

कांग्रेस सरकार में बने पुल 40-50 साल से चल रहे कांग्रेस नेता विक्रम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में बने पुल 40-50 साल से चल रहे हैं। कोई दिक्कत नहीं आई, लेकिन भाजपा सरकार में एक साल भी नहीं हुआ और पुल की हालत खराब हो गई। इससे साफ है कि कितना भ्रष्टाचार हो रहा है।

अफसरों ने फोन नहीं उठाया एमपीआरडीसी से सोनिया सिन्हा ने कहा कि पीडब्ल्यूडी इस मामले को देखेगा। जब इस बारे में पीडब्ल्यूडी एसडीओ सक्सेना से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।





## डीडी कॉन्वेंट स्कूल के वॉलीबॉल खिलाडियों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**बुधनी।** लोक शिक्षण संचनालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता19वर्ग आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर मे 8 अगस्त को आयोजित की गई जिसमे डीडी कान्वेंट स्कूल के अंडर 19 वॉलीबॉल खिलाडियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर इछावर ओर सीहोर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमे 14 खिलाडियों का संभाग स्तर पर चयन हुआ संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 24 अगस्त को राजगढ़ मे अयोजित की जाएगी वही अंडर 14,17 वर्ग का अयोजन इछावर मे हुआ।

जिसमे वर्ग 14 बालक बालिकाओं ने इछावर ओर सीहोर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया ओर 15 खिलाडियों का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ वर्ग14 प्रतियोगिता 18 अगस्त को विदिशा मे अयोजित की जाएगी ओर वर्ग 17 प्रतियोगिता 3 सितंबर को रायेसेन के सिलवानी मे अयोजित की जाएगी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर डी डी कॉन्वेंट विद्यालय के संचालक जे के त्रिपाठी और समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाडियों और कोच आकाश मसीह को शुभकामनायें दी और उज्वल भविष्य की कामना की।

### मोटे अनाज से बने कम लागत के पौष्टिक व्यंजनों को बनाना सिखाया



भैरूंदा। स्तनपान सप्ताह के दौरान कुंजल वेलफेयर सोसायटी ने भैरूंदा ब्लॉक में सात दिवसीय विज्ञान आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मोटे अनाज से बने कम लागत के पौष्टिक व्यंजनों को बनाना सिखाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में खून की कमी को दूर करना और परिवार को सुपोषित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।फूड एंड न्यूट्रीशन एक्सपर्ट डॉ. विभा खरे और न्यूट्रीशियनिस्ट जेनीशा देवनानी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण हुआ। डॉ. खरे ने गर्भवती और धात्री महिलाओं को मोटे अनाज के लड्डू बनाने की विधि बताई। जेनीशा ने रोजाना भोजन में कम से कम एक श्रीअन्न शामिल करने की सलाह दी।प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रभा गौर ने बताया कि ब्लॉक के 15 गांवों की 28 महिलाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया। श्रीअन्न रेसिपी प्रतियोगिता में अतिथियों ने व्यंजनों का स्वाद चखा। विजेताओं को शील्ड दी गई। संस्था अध्यक्ष आरएन पाटिल के संयोजन में प्रभा गौर ने सभी को स्मृति चिन्ह देकर आभार जताया।

### प्राकृतिक समावेश से निर्मित राखी को मिला प्रथम पुरस्कार

# शासकीय शाला कोड़ियाछीतू में हुआ राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवाचार के क्षेत्र में अपनी अनूठी पहचान बनाने वाले शासकीय माध्यमिक शाला कोडिय़ाछीतू में रक्षा बन्धन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार, 7 अगस्त को राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी बच्चों द्वारा आकर्षक राखियाँ बनाई गई। प्रतियोगिता में शिक्षिका शशिवाला नामदेव, मंजु राठौर एवं मधुजोशी द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाते हुए कक्षा 1 से 5 तक तथा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्रदान किया। जिसमें कक्षा 7 वी के आरिश द्वारा प्राकृतिक समावेश कर शुन्य निवेश कर बनाई गई आकर्षक राखी को प्रथम पुरुस्कार प्रदान किया गया, चुकि यह राखी पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करती है। इसी प्रकार अन्य बच्चों द्वारा भी कागज, धागे, बिन्दी, मोती, ऊन, गत्तों से युक्त आर्षक राखियाँ बनाई। प्रधानाध्यापक संजय सक्सेना ने सभी बच्चों को शुभकामनाऐं देते हुए बताया कि शाला के प्रतिभागी बच्चों को आगामी 15 अगस्त पर शाला में आयोजित कार्यक्रम में पुरुस्कृत किया जायेगा। शाला में दर्ज 182 बच्चों में से 36 बच्चों द्वारा आर्षक राखियाँ बनाई तथा इन राखियों को बनाने के प्रक्रिया को अन्य सभी बच्चों को राखी बनाने की अपनी विधि को बताया जिससे कि बच्चों में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिले और अगले वर्ष आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अधिक से अधिक बच्चे भाग ले सके। बच्चों को सभी कक्षा अध्यापकों ने अपनी-अपनी कक्षा में उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। बच्चों द्वारा कम समय में आकर्षक राखियाँ बनाने पर उनके अन्य साथियों द्वारा करतल ध्वनि बजाकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के संजय सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह चौहान, डी.के. मालवीय, श्रीमती शशिवाला नामदेव, मंजु राठौर, मधु जोशी, फूलवती सेन, श्रद्धासिंह रघुवंशी आदि द्वारा बच्चों को बधाई देते हुए उनको मनोबल बढ़ाया।



## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत रंगारंग गतिविधियां हुईं

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्र शेखर आज़ाद शा. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के क्रियान्वयन दिनांक 8 अगस्त 2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, तिरंगा आधारित रंगोली प्रतियोगिता एवं रैली का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर तिरंगा आधारित सेल्फी पॉइंट भी स्थापित किया गया, जहां महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने देशभक्ति के रंगों में रंगी हुई ने छायाचित्र के छायांकन कराये। पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. ज्योति नेताम (विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र), डॉ. तृप्ता झा (सह-प्राध्यापक, भूगोल) एवं डॉ. गीता वर्मा (सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र) द्वारा किया गया। परिणाम की घोषणा स्वतंत्रता दिवस पर की जाएगी।उक्त कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन एनएसएस, एनसीसी एवं क्रीड़ा विभाग के प्रभारी डॉ. सजन खत्री, डॉ. मौली थॉमस, श्याम कुमार तथा अनिल पिपलोदिया द्वारा कराया गया।



**खबर संक्षेप**

### जवाहर नवोदय स्कूल में प्रवेश के लिए ऑन लाइन पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** सीहोर जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में सत्र 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए है। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी जिसका आवेदन नवोदया विद्यालय समिति की बेवसाईट www navodaya.gov.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से किए जा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है। कक्षा 9वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए ।

### जिले के यात्रियों के आयोजित होंगी 02 तीर्थ यात्राएं

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत सीहोर जिले के तीर्थ यात्रियों के लिए 2 तीर्थ यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर जिले के यात्रियों को 13 अगस्त से 18 अगस्त 2025 तक वाराणसी-अयोध्या की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। इसी प्रकार 24 सितंबर से 29 सितंबर 2025 तक तिरूपति की तीर्थयात्रा कराई जाएगी। वाराणसी-अयोध्या की तीर्थ के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 अगस्त 2025 है तथा तिरुपति की तीर्थयात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 सितंबर 2025 है। तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन करने वाले पुरूष तीर्थ यात्री की न्यूनतम उम्र 60 वर्ष तथा महिला तीर्थयात्री की न्यूनतम उम्र 58 वर्ष होना चाहिए। इसके साथ ही उन्हें सहायक की पात्रता होगी। यदि जिले में आवंटित निर्धारित कोटा से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो ऐसी स्थिति में यात्रियों का चयन कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी सिस्टम से किया जयेगा।

### छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 8 लाख

**सीहोर।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा 15 अप्रैल 2023 को जारी आदेश 'अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रूपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का मंत्रि-परिषद ने अनुसमर्थन किया। अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विदयार्थियों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की वार्षिक आय सीमा 8 लाख रूपये किये जाने की सहमति प्रदान की गई। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आय सीमा का बंधन समाप्त किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं माथे पर भुजरिया रखकर गीत गाते हुए बैंडबाजों के साथ नदी पर पहुंची

# जिले में हर्षोल्लास से मनाया भुजरिया पर्व, लोकगीत पर लड़ाए डंडे



हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा।

जिले में रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाए जाने वाला भुजरिया का पर्व रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हरदा जिला मुख्यालय सहित तहसील स्तर और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं माथे पर भुजरिया रखकर गीत गाते हुए बैंडबाजों के साथ नदी पर पहुंची। जहां पूजा अर्चना के बाद भुजरिया को नदी में विसर्जित किया। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी। सिराली में लंबे समय के पुरानी परंपरा के मुताबिक डंडे लड़ाते हुए युवाओं और बुजुर्गों ने ढोल ताशों की थाप पर लोकगीत गाये। ग्रामीणों ने बताया कि यह पर्व मुख्य रूप से क्षेत्र का लोकपर्व है। अच्छी बारिश, फसल एवं सुख-समृद्धि की कामना के लिए रक्षाबंधन के दूसरे दिन भुजरिया पर्व मनाया जाता है। इसे कजलियों का पर्व भी कहते हैं। कजलियां पर्व प्रकृति प्रेम और खुशहाली से जुड़ा है।

## रहटगांव में भी हुआ भुजरियों का विसर्जन



**रहटगांव।** रक्षाबंधन के बाद रविवार को भुजरिया पर्व धुमधाम से मनाया गया। जल स्त्रोतों में उनका विसर्जन किया। सावन के महीने की अष्टमी और नवमीं को छोटी-छोटी बांस की टोकरियों में मिट्टी की तह बिछाकर गेहूं या जौं के दाने बोए। इसके बाद इन्हें रोजाना पानी दिया जाता है। सावन के महीने में इन भुजरियों को झूला देने का रिवाज भी है। तकरीबन एक सप्ताह में ये अन्न उग आता है, जिन्हें भुजरियां कहा जाता है। इन भुजरियों की पूजा अर्चना की जाती है एवं कामना की जाती है। इस साल बारिश बेहतर हो जिससे अच्छी फसल मिल सकें। भुजरिया एक-दूसरे को देकर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हैं। दोपहर मे कैमेया मोहल्ले से महिलाएं इन भुजरिया की टोकरियों को सिर पर रखकर जल स्त्रोतों में विसर्जन के लिए गणेश चौक, गांधी चौक एवं राजवाड़ा चौक पर पालीवाल निवास पर पूजा कर ग्राम में भ्रमण के साथ भुजरिया की टोकरी का विसर्जन अजनाल नदी मे होली घाट पर किया गया। इस दौरान चल समारोह मे ग्राम के बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे। भुजरिया अजनाल नदी में विसर्जन के बाद सभी ने, भगवान के मंदिरों में भुजरिया अर्पण की एक दूसरे को भुजरिया दी। मौके पर पुलिस थाना, राजस्व, पंचायत एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण माताएं भी मौजूद रहे।

दो घरों के मुखिया आने के बाद पता चलेगा चोरी गए सामान की कीमत

# तीन नकाबपोश चोरों ने तीन घरों में की चोरी, एक घर से 5 लाख के जेवर उड़ाए






हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

हरदा के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की बृजधाम कॉलोनी में शनिवार रात तीन नकाबपोश चोरों ने तीन घरों में धावा बोला। चोरों ने रिटायर्ड इंजीनियर के घर से लगभग पांच लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुराई। घटना उस समय हुई जब रिटायर्ड इंजीनियर अपनी पत्नी और बेटी के साथ राखी का त्योहार मनाने सिवनी मालवा गए थे। वे रात को किसी रिश्तेदार के घर रुक गए थे। रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे जब वे घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि रात दो बजकर 24 मिनट पर तीन नकाबपोश युवक उत्तर दिशा से आए। पहले एक युवक घर की बाउंड्री कूदकर अंदर गया और फिर अपने दो साथियों को भी बुलाया। चोर करीब 35 मिनट तक घर में रहे और हाथ में एक बड़ी थैली लेकर निकले। चोरी करने के बाद उन्होंने घर से पानी पीने के लिए लोटा निकाला और पानी पीकर उसे घर के बाहर रखी कुर्सी पर छोड़कर फरार हो गए।ले गए है।

### पुलिस कर्मी के घर को भी निशाना बनाया



इसी कॉलोनी के ईशान ब्लॉक के 7 में रहने वाले पुलिस कर्मी दीपक बरगड़े और फेस-2 में किराए के मकान में रहने वाले योगराज वर्मा के घर से भी चोरी हुई। चोर योगराज वर्मा के घर से बाइक लेकर फरार हो गए। चूंकि दोनों व्यक्ति अभी हरदा में नहीं हैं, इसलिए उनके घरों से क्या-क्या चोरी हुआ है, इसकी पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। डॉग स्क्वॉड की टीम ने भी मौके पर जाकर चोरों का पता लगाने का प्रयास किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरे मकान से बाइक ले गए है। जबकि पुलिस कर्मी के घर पर रखी बच्चों की गुल्लक को तोड़कर उसके रुपए भी

ऑनलाइन गेम के कारण कर्ज में था

# सरकारी कर्मचारी ने एलपीजी का पाइप मुंह में रखकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा।

एक सरकारी कर्मचारी ने घरेलू गैस सिलेंडर का पाइप मुंह में रखकर जान दे दी है। एलपीजी के सीधे सेवन से कुछ मिनटों में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना के बाद पुलिस ने मार्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार 35 साल का लक्ष्मीनारायण केवट खेल एवं युवक कल्याण विभाग में चपरासी था। शनिवार रात करीब 9.30 बजे उसका शव उसके किराए के मकान में मिला। शव के पास एलपीजी सिलेंडर रखा हुआ था, रेगुलेटर खुला हुआ था और रबर का पाइप लक्ष्मीनारायण के मुंह में था। पुलिस के अनुसार, गैस के तेज प्रभाव से शरीर कड़क हो गया था। प्रारंभिक जांच में ऑनलाइन गेमिंग की लत से जुड़ा लाखों का कर्ज सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। लक्ष्मीनारायण केवट तीन साल से हरदा में अपने परिवार के साथ रह रहा था। बताया गया कि लक्ष्मीनारायण केवट मूल रूप से भोपाल का रहने वाला था। वह हरदा में पत्नी और पांच साल की बेटी के साथ किराए के मकान में रहता था। उसकी नियुक्ति 2016 में सीहोर में हुई थी। करीब तीन साल पहले ही सीहोर से ट्रांसफर होकर हरदा आया था। मृतक के बड़े भाई कैलाश मांझी



ने बताया कि शनिवार शाम को पड़ोस में रहने वाली उनकी बहन ने सूचना दी कि उनके भाई ने आत्महत्या कर ली है। जब बहन ने मौके पर जाकर देखा तो घरेलू गैस सिलेंडर की नली लक्ष्मीनारायण के मुंह में थी। उसकी पत्नी बेटी के साथ मायके गई हुई है।

#### लाखों का कर्ज था

कैलाश का कहना है कि भाई पर लाखों का कर्ज था। कर्जदारों से परेशान होकर ही भाई ने यह कदम उठाया है। कार्यालय सूत्रों के अनुसार, लक्ष्मीनारायण पूरे दिन मोबाइल में लगा रहता था। संभवतः वह कोई ऑनलाइन गेम खेलता था, जिसके कारण वह कर्ज में डूब गया था।

विश्व आदिवासी दिवस पर हुआ आयोजन

# आदिवासी हितों की रक्षा के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

कृषि उपज मंडी परिसर में सर्व आदिवासी समाज ने विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आदिवासी समाज के लोगों ने नगर में वाहन रैली निकाली। साथ ही आदिवासी सभ्यता और संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वक्ताओं ने आदिवासी सभ्यता और संस्कृति को समाज की पहचान बताते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी हितों की रक्षा के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना होगा। महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। समाज के लोगों ने आदिवासी दिवस को सार्थक बनाने और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद शनिवार शाम को रैली निकाली गई। इसमें पारंपरिक आदिवासी गीतों की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया और जय सेवा जय जोहार के नारे लगाए। रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

## मेधावी विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया




आयोजन से जुड़े लोकेश कलमे ने बताया कि समारोह के दौरान समाज के मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने आदिवासी समाज के लोगों को वनवासी कहने पर कड़ी आपत्ति जताई। सभी ने एक सुर में कहा कि आदिवासी संस्कृति देश की सबसे पुरानी संस्कृति है। वे आदिकाल से जंगल की रक्षा कर रहे हैं। उन्हें अपने आप को वनवासी नहीं बल्कि आदिवासी कहने पर गर्व करना चाहिए। इस अवसर पर विधायक डॉ. आरके दोगने ने भी आदिवासी समाज की बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू कमेडिया ने शहर के एक चौराहे का नाम रानी दुर्गावती के नाम पर करने की घोषणा की।

# टेंट हाउस की दुकान में लगी आग: बिजली फॉल्ट से 5 लाख का सामान जलकर राख

ग्रामीणों और दमकल की मदद से आग पर पाया काबू



**सीहोर।** जिले के शाहपुर कौड़िया में शनिवार सुबह एक टेंट हाउस की दुकान में भीषण आग लग गई। सुबह करीब 5 बजे दुकान से धुआं उठता देख ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। घटना में टेंट हाउस में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

**ग्रामीणों और दमकल ने मिलकर बुझाई आग :** सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड चालक आरिफ खान और फायरमैन कमरुद्दीन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया और उसे आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक दिया।

**5 लाख का सामान जला :** दुकान के मालिक रमेश परमार ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली लाइन में फॉल्ट बताया जा रहा है। आग से टेंट हाउस में रखा लगभग 5 लाख रुपए का सामान पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड के चालक आरिफ खान ने बताया कि दुकानदार ने बिजली फॉल्ट की जानकारी दी है, लेकिन बिजली लाइन में फॉल्ट कैसे हुआ और उससे दुकान में आग कैसे लगी, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।